UNITED BHARAT, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

टीसीएस आई टी विज लखनऊ क्षेत्र की फाइनल नौ को

युनाइटेड समाचार सेवा

विजेता टीम करेगी फाइनल में लखनऊ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व

लखनऊ, ४ अक्टूबर। देश की अग्रणी आईटी सेवाएं बी.पी.ओ. एवं आउटसोसिंग फर्म टीसीएस ने घोषणा की कि भारत में स्कूलों की सबसे बड़ी तकनीक प्रश्नोत्तरी टीसीएस आई टी विज के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन मंगलवार ९ अक्टूबर को इंद्रा गांधी प्रतिष्ठान विभूति खंड गोमती नगर लखनऊ में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने एक पत्रकार वार्ता में दी। लखनऊ संस्करण उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के कक्षा ८ से १२ में पढ़ रहे छात्रों के लिए खुला है। कोई प्रवेश शुल्क नही है और प्रत्येक संस्था की अनेक टीम प्रतियोगिता में भाग ले सकती है क्षेत्रीय राउंड के उपरांत राष्ट्रीय फाइनल का दिसंबर में आयोजन किया जायेगा, जहां १४ क्षेत्रीय दौर के विजेता टीम टीसीएस आई टी विज चैंपियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस साल उक्त आई टी विज का आयोजन हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलूर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, इंदौर, दिल्ली और मुंबई में किया जायेगा। विख्यात क्विजमास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम उर्फ पिकब्रेन प्रश्नोत्तरी का संचालन करेगे।